
जनवरी 2022

# मैट्रो प्लस



iMONITOR India
by Securico

SECURICO
Innovation. Passion. Commitment.

## Happy Republic Day

# INDIAN MANUFACTURERS OF WORLD CLASS CCTV CAMERAS


Plant - 1


Plant 2


Plant 3


Plant 4


Corporate Office

**39 YEARS OF MANUFACTURING EXCELLENCE | ISO CERTIFIED COMPANY**
**CE CERTIFIED PRODUCTS | PRODUCTS USED BY OVER 250 MAJOR BANKS IN INDIA**

**INDIAN COMPANY | INDIAN PRODUCTS | INDIAN PRIDE**

SECURICO ELECTRONICS INDIA LIMITED
Securico House, Plot No. 4, 14/3, Mathura Road, Faridabad, Haryana - 121003 India
Tel.: 0129 - 427 0000 | Mob.: 98997 39777 | Email: info@securicoelectronics.com
Website: www.securicoelectronics.com


MODERN DELHI PUBLIC SCHOOL-I
SECTOR-87, GREATER FARIDABAD
MODERN DELHI PUBLIC SCHOOL-II
SECTOR-89, GREATER FARIDABAD
MODERN DELHI PUBLIC SCHOOL
Happy Republic Day
MODERN DELHI PUBLIC SCHOOL
(Under the aegis of 'The Amir Education Society')
Greater Faridabad, Haryana.
Ph.: 0129-2229277 / 377, 9971794077, 9971120377, 9810031678
E-mail: moderndps@rediffmail.com | Website: www.moderndps.org
E-mail: moderndps89@gmail.com | Website: www.moderndps89.com
CHAMPIONS! We were, We are, We will...


www.dsisfaridabad.com
DELHI SCHOLARS INTERNATIONAL SCHOOL
SECTOR-88, GREATER FARIDABAD
Zenith of Excellence
ADMISSIONS OPEN
SESSION : 2022-23
For PRE-NURSERY TO IX
&
CLASS - XI
NON-MEDICAL | MEDICAL | COMMERCE | HUMANITIES
DELHI SCHOLARS INTERNATIONAL SCHOOL
HAPPY REPUBLIC DAY
Focus Areas
· Assessment of core Concepts.
· Application of concepts in real life.
· Effective Communication and Collaboration.
· Leadership Roles.
· Clubs and Societies
· Experiential Learning.
· Stage Exposure.
· Multi Disciplinary approach.
· Life Skills and Value Based Education.
· Core Competencies.
· Digital Based Learning.
· MUNs (Model United Nations).
· Sports, Mental Health and Well being.
· IEPs(Individualised Education Plan).
· Creativity and Critical thinking skills.
Transport network covers all Sectors of HUDA, NIT, Ballabgarh, Badarpur, Green Field, NHPC Colony, Palwal, & Sarita Vihar, New Delhi
7289984330, 8527360511, 9818745263
info@dsisfaridabad.com
DSISGreaterFaridabad
DSISGreaterFaridabad

PEACE
TO SERVE GOD

# HOMERTON GRAMMAR SCHOOL

*Sector 21A, Homerton Way, Faridabad*

*Ph.: 9212556922/23* *www.homertongrammar.com*





## HAPPY REPUBLIC DAY

**We have been awarded as an**
**Institute in a leading role in academic shaping**

**By International School Award Dubai**
**Thank you all!!**



THE REAL TASTE OF RAJASTHAN

# Bajrang's BIKANER

SINCE 1992

Wish you all a very happy

# republic day

Contact Us:
Call on: 9999 281 255, 9899 538 308

Shop No: 2613, 7-10 Market, Faridabad
Shop No: C/22, Arya Samaj Road, Nehru Ground, NIT, Faridabad

Find us on:

वर्ष 23, अंक 13
(16-31 जनवरी, 2022)



मुद्रक, प्रकाशक एवं मालिक
ऋचा गुप्ता

संपादक
महेश गुप्ता

समाचार संपादक
नवीन गुप्ता

कानूनी सलाहकार
आनन्द गुप्ता,
शेखर आनन्द गुप्ता,
राजकुमार भाटी,
रामबिलास गुप्ता

ग्राफिक्स डिजाइनिंग
नवीन गुप्ता

कॉरपोरेट कार्यालय
मैट्रो प्लस, 5डी/96ए, मेन मार्किट,
एनआईटी फरीदाबाद-121001, हरियाणा।
मो.: +91-98111-65707

दिल्ली कार्यालय
फ्लैट न.-2, 878/36ए, वार्ड न.-6,
सतगुरू अपार्टमेंट, महरौली,
नई दिल्ली-110030
मो.: +91-9873570768


चंडीगढ़ कार्यालय
2063, सेक्टर-45सी, चंडीगढ़-160047
मो.: +91-9811165707

**RNI No.71419/99**
**Postal Regn. No.:**
**L-2/Faridabad/259/18-20**

स्वामित्वकारी, प्रकाशक व मुद्रक ऋचा गुप्ता द्वारा ज्योति प्रिंटर्स, प्लॉट नं.: ई-94, सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, यूपी से मुद्रित एवं कार्यालय 5डी/96ए, मेन मार्किट, एनआईटी फरीदाबाद से प्रकाशित।

संपादक : महेश गुप्ता

सभी कानूनी विवादों का क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा।



जब अंग्रेजों से जुड़ी..... 17



मातृभूमि की शान है गणतंत्र दिवस की परेड 21



जागो और जगाओ रे! 23

देशभक्ति के नारों... 31







26 जनवरी को ही क्यों मनाया....11

# गणतंत्र में ही



नवीन गुप्ता

हिन्दी कविता में यदि भारतीय गणतंत्र का स्मरण करें तो दो प्रभावशाली बिम्ब उभरते हैं- एक में रघुबीर सहाय प्रश्न पूछते नजर आते हैं कि आखिर वह कौन भारत भाग्य विधाता है जिसके गुण फटा सुथन्ना पहने हरचरना गाता है और दूसरे में धूमिल अपना सर धुने रहे हैं कि क्या तीन थके रंगों का नाम ही आजादी है?

हम सभी जानते हैं कि कविता में गद्य के मुकाबले भावुकता अधिक होती है पर यह भी सही है कि इस भावुकता का निर्माण भी ठोस जमीनी हकीकत पर ही होता है। अगर हमारी भाषा के दो बड़े कवियों के मन में भारतीय गणतंत्र को लेकर संशय है तो कहीं न कहीं इसके पीछे महत्वपूर्ण कारण होंगे। क्या है जो 72 वर्ष बाद भी गणतंत्र दिवस के मौके पर हमें चैन से सोने नहीं देता? ऐसा क्या है जो गणतंत्र बनने की प्रक्रिया में टूट गया? क्या कुछ होना था जो नहीं हुआ या क्या कुछ ऐसा हुआ जिसे एक सभ्य गणतांत्रिक समाज में नहीं होना चाहिये था? इससे भी बड़ा प्रश्न मेरे मन में बार-बार घुमड़ता है कि क्या भारतीय समाज गणतंत्र का पात्र 1950 में था या आज 2022 में है?

पाठकों में से कुछ को मेरा यह मानना पसंद नहीं आयेगा कि भारतीय समाज अपनी अन्तः निर्मिति में लोकतंत्र पिरोधी है। यदि मुझे किसी एक कारण की तलाश करनी हो तो मैं इसके लिये अपने समाज की सबसे घृणित संस्था वर्ण व्यवस्था को जिममेदार ठहराऊंगा। इस अकेली संस्था ने भारतीय समाज को कभी लोकतांत्रिक नहीं होने दिया। मनुष्य के इतिहास में असमानता और क्रूरता को वैधता प्रदान करने वाला इससे प्रभावशाली दर्शन दूसरा नहीं होगा।

हम लाख गाल बजायें और खुद को जगतगुरू कहते फिरें पर संस्था ने हमें सही अर्थों में मनुष्य भी नहीं बनने दिया। एक ऐसे समाज में जहां अपनी तीन चौथाई आबादी को पशु से भी नीचा दर्जा देने की परम्परा धर्म और संस्कृति का अविभाज्य अंग हो, जो दुनिया का सबसे शिक्षा विरोधी समाज इस अर्थ में हो कि यह अपनी बहुसंख्या को शिक्षा विरोधी समाज इस अर्थ में हो कि यह अपनी बहुसंख्या को शिक्षा से वंचित करता हो और जहां इन सबको वैध ठहराने वाले धर्मशास्त्रों को प्रतिष्ठा हासिल हो, वहां यदि यदि लोकतंत्र का बिरवा रोपा जायेगा तो क्या वे सारे प्रश्न नहीं खड़े होंगे जो रघुबीर सहाय और धूमिल की कविताओं में आकर बार-बार हमें परेशान करते हैं? पर यहां मेरा यह भी मानना है कि इन प्रश्नों के उत्तर भी गणतंत्र में ही छिपे हैं। एक सच्चा गणतंत्र ही स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे मूल्य हमारी नसों में प्रभावित कर सकता है जिनसे धम्रग्रंथों ने हमें अब तक वंचित रखा था।

अरस्तू और प्लेटो से लेकर गांधी ओर नेल्सन मंडेला तक सबकी चिंता के केंद्र में वह व्यक्ति है, जो वंचित है। अरस्तू ने अगर कहा कि सम्पतिवान की जगह निर्धन शासक हो, प्लेटो ने अपने रिपब्लिक में धन से प्रेम करने वालो या सम्मान को तरजीह देने वालों के मुकाबले विद्वानों को शासक बनाने की बात की, गांधी पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति की चिंता करते हैं या नेल्सन मंडेला राष्ट्राध्यक्ष के रूप में अपने पहले सम्बोधन में सबके लिए शांति, काग, रोटी और पानी की बात करते हैं तो इन सबके मन में ऐसे मूल्यों की कल्पना हे जो किसी भी गणतंत्र का आदर्श हो सकते हैं और दुर्भाग्य से हमारा गणतंत्र जिनसे वंचित है। किसी समाज के सभ्य होने या न होने का पैमाना सिर्फ यही हो सकता है कि वह अपने कमजोर लोगों को कितना स्पेस देता है। हमारे बीच कमजोर कौन है? कमजोर हैं आर्थिक रूप से गरीब, दलित, पिछड़े, आदिवासी या औरतें। इन तबकों में से कुछ आर्थिक रूप से सम्पन्न हो जाने के बाद भी सामाजिक उपेक्षा का दंश झेलने के लिए मजबूर हैं। किसी राज्य के लिए इससे बड़ी असफलता क्या हो सकती है कि एक विशाल जनसंख्या का राज्य में कोई स्टेक न हो। ऐसा राज्य कैसे अपने गणराज्य होने पर इतरा सकता है 1984 जैसे दंगे हो जिनमें तीन दिन के कई हजार सिक्ख नृशंसतम तरीकों से मारे जायें और ढाई दशक सिर्फ इस बात के लिये आंदोलन करते बीत जायें कि दोषियों को दण्डित किया जाए?


उस गणराज्य का मतलब जिसके संविधान की भूमिका में उल्लिखित धर्मनिरपेक्षता की चिंदिया बाबरी मस्जिद के रूप में उड़ा दी जाए? कुछ वर्षों पहले आस्ट्रेलिया ने एक राष्ट्र के रूप अपने मूल निवासियों से इस बात के लिये क्षमा याचना की थी कि उनके पुरखों के साथ ज्यादतियां हुई थी। क्या भारतीय गणराज्य कभी इतना प्रौढ़ होगा कि अपने दलितों से अमानवीय व्यवहार के लिये क्षमा मांगे? यत्र नायुस्तु पूज्यज्ते जैसे बड़बोलेपन के बावजूद हमने स्त्रियों के लिये नर्क निर्मित किये थे इसका अहसास हमें कभी होगा क्या? आज जब हम आदिवासियों की जमीनें बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के लिये ले रहे हैं तो क्या इस पूरी प्रक्रिया में भारतीय गणराज्य उन्हें यह आश्वस्त करने में सफल हो पा रहा है कि उन्हें उजाड़ने के बाद जो दुनियां बनेगी उसमें एक मनुष्य के रूप में उनका भी अधिकार होगा? मुझे लगता है कि ऊपर पूछे गए सारे प्रश्नों का उत्तर नकारात्मक होगा। मैं फिर रेखांकित करना चाहूंगा कि वर्ण व्यवस्था के कारण हमारी संवेदनायें शिथिल हुई, हमारी भाषा क्रूर हुयी।




भारतीय गणतंत्र को सही अर्थों में लोकतंत्र बनाने के बीज भी उसी में छिपे हैं। हमारा संविधान उसकी सबसे बड़ी ताकत हैं धार्मिक पुस्तकों के विपरीत यह एक सामूहिक लोकतांत्रिक चेतना की उपज है जिसमें तत्कालीन सर्वश्रेष्ठ दिमाग लगे थे और जो जाने का पूरा प्रयास कर रहा है। वर्ण व्यवस्था जैसी संस्थायें समाज को लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में संविधान को आगे बढ़ने से रोक रही हैं, पर वे कब तक इसमें सफल हो पायेंगी? इतिहास की गति निर्मम होती है और प्रतिगामी शक्तियां अन्ततोगत्वा उसकी चक्की में पिस जाती हैं। हमारे समाज में भी यही हो रहा है। पिछले कुछ दशकों में दलितों, महिलाओं, आदिवासियों या अल्पसंख्यकों के पक्ष में जो कानून बने हैं वे इसी संघर्ष का परिणाम हैं। यह जरूर है कि परिवर्तन की रफ़्तार धीमी है और भारतीय गणराज्य अपनी आबादी के एक बड़े हिस्से को यह नहीं समझा पा रहा है कि भारत राष्ट्र में उसकी भी भागीदारी है, पर परिवर्तन हमेशा धीमी गति से होता है। गणतंत्र की इस सालगिरह पर क्या हम कामना कर सकते हैं कि परिवर्तन की गति थोड़ी तेज हो?


अब चाहे जो भी हो, अगर सही मायने में गणतंत्र का सुख लेना है तो सरकार के साथ-साथ हमें भी अपने में कुछ बदलाव करना पड़ेगा। इसी के साथ मैट्रो प्लस के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और शुभचिंतकों को 73वें गणतंत्र दिवस की हार्द्रिक शुभकामनाएं। - जयहिंद हिंद - जय भारत!

# 73वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**बण्डारू दत्तारेय**
**महामहिम राज्यपाल, हरियाणा**

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मैट्रो प्लस समाचार पत्र का विशेषांक पत्रिका के रूप में प्रकाशित कर रहा है। मैं इस विशेषांक की सफलता के लिये मैट्रो प्लस के सम्पादक मंडल तथा पाठकों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त करता हूं कि मैट्रो प्लस पहले की भांति भविष्य में भी निष्पक्ष पत्रकारिता करेगा। इसी के साथ सभी प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**मनोहर लाल खट्टर**
**मुख्यमंत्री, हरियाणा**

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि मैट्रो प्लस समाचार पत्र द्वारा 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने समाचार पत्र का विशेषांक पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। विशेषांक की सफलता के लिये मैट्रो प्लस के सम्पादक मंडल तथा पाठकों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

मुझे पूरा विश्वास है कि मैट्रो प्लस पहले की भांति भविष्य में भी राष्ट्र उत्थान व मानव कल्याण के क्षेत्र में अहम् भूमिका निभायेगा।



**वी. उमाशंकर, आईएएस**
**प्रिंसीपल सेक्रेटरी, मुख्यमंत्री, हरियाणा**

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि मैट्रो प्लस समाचार पत्र हर वर्ष की भांति फिर से 73वें गणतंत्र दिवस पर विशेषांक के रूप में पत्रिका का प्रकाशन कर रहा है।

मैं मैट्रो प्लस के संपादक मंडल से यही आशा करूंगा कि वे निष्पक्षता व निर्भीकता से समाज में अपने समाचार पत्र एवं अपना व राष्ट्र का नाम गौरवान्वित करेंगे। इसी के साथ सभी प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि मैट्रो प्लस समाचार पत्र हर वर्ष की भांति फिर से 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर विशेषांक के रूप में पत्रिका का प्रकाशन कर रहा है।

मैं मैट्रो प्लस के संपादक मंडल से यही आशा करूंगी कि वे निष्पक्षता व निर्भीकता से समाज में अपने समाचार पत्र एवं अपना व राष्ट्र का नाम गौरवान्वित करेंगे।

- शुभकामनाओं सहित।
- डॉ. सुमिता मिश्रा, आईएएस
अतिरिक्त मुख्य सचिव,
कृषि विभाग, हरियाणा



मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि मैट्रो प्लस समाचार पत्र 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर समाचार पत्र का विशेषांक पत्रिका के रूप में प्रकाशित कर रहा है।

मैं इस विशेषांक की सफलता के लिये मैट्रो प्लस के सम्पादक मंडल तथा पाठकों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त करता हूं कि मैट्रो प्लस पहले की भांति भविष्य में भी निष्पक्ष पत्रकारिता करेगा।

- शुभकामनाओं सहित
- अंकुर गुप्ता, आईएएस
अतिरिक्त मुख्य सचिव,
खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हरियाणा



मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि मैट्रो प्लस समाचार पत्र द्वारा 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने समाचार पत्र का विशेषांक पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। विशेषांक की सफलता के लिये मैट्रो प्लस के सम्पादक मण्डल तथा पाठकों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

मुझे पूरा विश्वास है कि मैट्रो प्लस पहले की भांति भविष्य में भी राष्ट्र उत्थान व मानव कल्याण के क्षेत्र में अहम् भूमिका निभायेगा।

-शुभकामनाओं सहित।
- डॉ. के.के. खंडेलवाल,
आईएएस ( रिटायर्ड )
चेयरमैन, हरेरा, गुरूग्राम डिवीजन

# 73वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि मैट्रो प्लस समाचार पत्र 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर समाचार पत्र का विशेषांक पत्रिका के रूप में प्रकाशित कर रहा है। मैं इस विशेषांक की सफलता के लिये मैट्रो प्लस के सम्पादक मण्डल तथा पाठकों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त करता हूं कि मैट्रो प्लस पहले की भांति भविष्य में भी निष्पक्ष पत्रकारिता करेगा।

-शुभकामनाओं सहित

– जितेन्द्र यादव, आईएएस
जिला उपायुक्त,
फरीदाबाद, हरियाणा।



मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि मैट्रो प्लस समाचार पत्र 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर समाचार पत्र का विशेषांक पत्रिका के रूप में प्रकाशित कर रहा है।

मैं इस विशेषांक की सफलता के लिये मैट्रो प्लस के सम्पादक मण्डल तथा पाठकों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त करता हूं कि मैट्रो प्लस पहले की भांति भविष्य में भी निष्पक्ष पत्रकारिता करेगा।

-शुभकामनाओं सहित

– यशपाल यादव, आईएएस
कमिश्नर
नगर निगम फरीदाबाद



मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि ''मैट्रो प्लस'' समाचार पत्र द्वारा 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने समाचार पत्र का विशेषांक पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है।विशेषांक की सफलता के लिये मैट्रो प्लस के सम्पादक मण्डल तथा पाठकों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे पूरा विश्वास है कि मैट्रो प्लस पहले की भांति भविष्य में भी राष्ट्र उत्थान व मानव कल्याण के क्षेत्र में अहम् भूमिका निभायेगा।

– शुभकामनाओं सहित।

– राजकुमार, आईएफएस
जिला वन अधिकारी,
फरीदाबाद, हरियाणा।



मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि मैट्रो प्लस समाचार पत्र 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर समाचार पत्र का विशेषांक पत्रिका के रूप में प्रकाशित कर रहा है।

मैं इस विशेषांक की सफलता के लिये मैट्रो प्लस के सम्पादक मण्डल तथा पाठकों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त करता हूं कि मैट्रो प्लस पहले की भांति भविष्य में भी निष्पक्ष पत्रकारिता करेगा।

-शुभकामनाओं सहित

– सतबीर सिंह मान, एचसीएस
अतिरिक्त उपायुक्त,
फरीदाबाद, हरियाणा।




मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि ''मैट्रो प्लस'' समाचार पत्र द्वारा 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने समाचार पत्र का विशेषांक पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है।विशेषांक की सफलता के लिये मैट्रो प्लस के सम्पादक मण्डल तथा पाठकों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

मुझे पूरा विश्वास है कि मैट्रो प्लस पहले की भांति भविष्य में भी राष्ट्र उत्थान व मानव कल्याण के क्षेत्र में अहम् भूमिका निभायेगा।

– शुभकामनाओं सहित।

– पंकज सेतिया, एचसीएस
एसडीएम, बड़खल
फरीदाबाद, हरियाणा



मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि ''मैट्रो प्लस'' समाचार पत्र द्वारा 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने समाचार पत्र का विशेषांक पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है।विशेषांक की सफलता के लिये मैट्रो प्लस के सम्पादक मण्डल तथा पाठकों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

मुझे पूरा विश्वास है कि मैट्रो प्लस पहले की भांति भविष्य में भी राष्ट्र उत्थान व मानव कल्याण के क्षेत्र में अहम् भूमिका निभायेगा।

– शुभकामनाओं सहित।

– अनिल यादव, एचसीएस
ज्वाईंट कमिश्नर, बल्लभगढ़ जोन,
नगर निगम फरीदाबाद

# 26 जनवरी को ही क्यों मनाया जाता है गणतंत्र दिवस?

हर वर्ष 26 जनवरी का दिन भारत में गणतंत्र दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस बार देश अपना 73वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। दरअसल 26 जनवरी, 1950 को भारतीय संविधान लागू किया गया था। भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया गया। इस वजह से हर साल 26 जनवरी का दिन राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के तौर पर मनाया जाता है। 26 नवंबर, 1949 को देश की संविधान सभा ने वर्तमान संविधान को विधिवत रूप से अपनाया था, इसलिए इस दिन को देश में संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है।



1. पहली बार गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 1950 को मनाया गया था। इसी दिन भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 21 तोपों की सलामी के साथ तिरंगा फहराया था।

2. आजादी से पहले 26 जनवरी को ही स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता था। करीब 18 वर्ष तक 26 जनवरी को पूर्ण स्वराज दिवस (स्वतंत्रता दिवस) मनाया जाता रहा।

3. आजादी के आंदोलन से लेकर देश में संविधान लागू होने तक, 26 जनवरी की तारीख का अपना महत्व रहा है। 31 दिसंबर, 1929 को कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में प्रस्ताव पारित कर भारत के लिए पूर्ण स्वराज की मांग की गई थी। कहा गया कि अगर ब्रिटिश सरकार ने 26 जनवरी, 1930 तक भारत को उपनिवेश का दर्जा (डोमीनियन स्टेटस) नहीं दिया, तो भारत को पूर्ण स्वतंत्र घोषित कर दिया जाएगा। 26 जनवरी, 1930 को पहली बार स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

इसी दिन जवाहर लाल नेहरू ने तिरंगा फेहराया था। फिर देश को आजादी मिलने के बाद 15 अगस्त 1947 को अधिकारिक रूप से स्वतंत्रता दिवस घोषित किया गया। इस तरह आजादी मिलने से पहले ही 26 जनवरी, अनौपचारिक रूप से देश का स्वतंत्रता दिवस बन गया था।

4. 26 जनवरी, 1930 को पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव लागू होने की तिथि को महत्व देने के लिए ही 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू किया गया था। इसके बाद 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस घोषित किया गया।


5. साल 1950 में देश के पहले भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने 26 जनवरी के दिन भारत को एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया। इस दिन डॉ. राजेंद्र प्रसाद को भारतीय गणतंत्र के पहले राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई गई। उन्हें तोपों की सलामी दी गई। तब से तोपों की सलामी की यह परंपरा बनी हुई है।

6. स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के मौके पर कार्यक्रम जहां लाल किले पर होता है और प्रधानमंत्री ध्वजारोहण करते हैं जबकि गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम राजपथ पर होता है और राष्ट्रपति झंडा फहराते हैं। राष्ट्रपति देश के संवैधानिक प्रमुख होते हैं।

7. दिल्ली में 26 जनवरी, 1950 को पहली गणतंत्र दिवस परेड, राजपथ पर न होकर इर्विन स्टेडियम (आज का नेशनल स्टेडियम) में हुई थी।

8. साल 1950-1954 के बीच दिल्ली में गणतंत्र दिवस का समारोह, कभी इर्विन स्टेडियम, किंग्सवे कैंप, लाल किला तो कभी रामलीला मैदान में आयोजित हुआ।

9. राजपथ पर साल 1955 में पहली बार गणतंत्र दिवस परेड शुरू हुई। आठ किलोमीटर की दूरी तय करने वाली यह परेड रायसीना हिल से शुरू होकर राजपथ, इंडिया गेट से गुजरती हुई लालकिला पर खत्म होती है। लेकिन पिछले साल की तरह इस बार भी कोविड महामारी के चलते गणतंत्र दिवस परेड के रूट को शार्ट किया गया है। परेड विजय चौक से शुरू होकर इंडिया गेट के पास नेशनल स्टेडियम पर ही खत्म हो जाएगी। हालांकि, परेड के बाद निकलने वाली झांकिया लाल किले पर जाकर ही खत्म होगी।




10. पहले सवा लाख लोग परेड देखते थे जिन्हें कोविड के चलते साल 2021 में घटाकर 25 हजार कर दिया गया था। लेकिन इस बार दर्शकों की संख्या करीब 8 हजार के आसपास ही होगी।

-ऋचा गुप्ता

Happy 26TH JANUARY REPUBLIC DAY

Rotary | SERVE TO CHANGE LIVES

**Rtn. Mahesh & Sujata Trikha**

DGND 2024-25, RID - 3011

वंदे मातरम्..

**Email:** dg24.25rid3011@gmail.com **Mob.:** +91-9810036509.
**Club Mentor:** Rotary Club of Delhi South East
**Convenor:** Rotary Blood, Plasma and Concentrator Centre - New Delhi



# Aargus Global Logistics Private Limited. INDIA

(An Award Winning AEO, FMC & ISO 9001:2015 Certified Company)

AGL Pharma — Perfecting Logistics Solutions
Email: guneet@aargusglobal.com
Mob./WhatsApp: +91-9310777055
Email: saurabh.trikha@aargusglobal.com
Mob./WhatsApp: +91-9810036508

## Pharma Services include

- Generic Pharma, Clinical Trails
- Biotech, Plasma , Laboratory
- Health Care , Launch Products
- Chilled (2-8 C)
- Frozen (-20C- all temp. range)
- Controlled Ambient (15-25 C)
- All kinds of Medical Equipments

AGL Defence Logistics — Perfecting Logistics Solutions
CTC: Col. (Retd.) N. K. Mehta
Email: nk.mehta@aargusglobal.com
Mob/WhatsApp: +91-9876079310
Email: saurabh.trikha@aargusglobal.com
Mob/WhatsApp: +91-9810036508

## Defence Logistics Services include

- Customs Clearance and Delivery, anywhere in India.
- Door to Door Services across 300 cities Across World, including Africa & CIS countries.
- Part or Full Chartering of Aircraftes / Ships.
- International Freight Forwarding, Logistics & Warehousing across world.
- Experienced in Handling International Freight & Door Deliveries of Defence, Govt. & UN Peace Keeping Force Shipments.
- Reduced Delivery Time , Pin Pointing Customer Issues
- Assist in Quality Control, Extra Services i.e. Advanced Tracking Options.

AGL Projects — Perfecting Logistics Solutions
Email: rekha.taneja@aargusglobal.com
Mob/WhatsApp:+91-98731 40303

## Projects Services include

- Customs Clearance ,Multimodal Transportation
- Site Inspection and Project Planning
- Route Surveys and Selection of Reliable Carriers
- Track and Trace with en-route Reporting
- Final Stage Delivery with Closing Report
- Seamless Operation for Oversized Cargo
- Efficient, Experienced and Reliable Team

AGL Xpress — Perfecting Logistics Solutions
Email: sandeep.wadhawan@aargusglobal.com
Mob/WhatsApp:+91-9870194283
Mahesh Trikha (Managing Director)
Email: ecommerce@aargusglobal.com
Mob./whatsApp: +91-9810036509

## Xpress Services include

- Express Courier (Export & Import), E-Commerce Specialization
- Time Critical Shipments , Consolidators for DHL,Fedex,UPS
- Domestic Air Courier & Logistics
- Last-Mile-Delivery
- Custom/DGFT and Exim Consultancy
- On Board Courier*
- Imports Consolidations & Custom Clearance- Air & Sea (DDP/DDU etc)

### OUR BRANCHES

Amritsar ★ Ahemdabad ★ Bengaluru ★ Mumbai ★ Kolka ★ Hyderabad ★ Indore ★ Chandigarh ★ Jaipur ★ Ludhian ★ Pune ★ Mundra

Certification/Membership

WCA | Life Logistics | neutral | JCTRANS | AEO | MTO | IATA | AMTOI

'ALL OUR 13 OFFICES ARE REGISTERED UNDER WCA'S GOLD MEDALLION PROGRAMME'

KEY CONTACT PERSONS
Mahesh Trikha (Managing Director) | Mob.+91-9810036509 | Email: mahesh.trikha@aargusglobal.com
Saurabh Trikha (Director) | Mob.+91-9810036508 | Email: saurabh.trikha@aargusglobal.com
Garima Marwah (Inside sales/Network Development)| Mob. +91 99100 68421 | Email: wca@aargusglobal.com

Regd. Off: 150 AGL Chambers, Kapashera, New Delhi-110037, INDIA. website: www.aargusglobal.com

# जज्बे और जुनून से भारत का नाम रोशन करने वाली नारियां!



26 जनवरी, 1950 को भारत का संविधान पूरे देश में लागू हुआ था। इस दिन 26 जनवरी को हर साल पूरा देश हर्षोल्लास से मनाता है। ब्रिटिश शासन से आजादी दिलाने में भारतीय नारियों का विशेष योगदान था, तो वहीं आजाद भारत के संविधान के निर्माण में 15 महिलाओं की अहम भूमिका थी। 1947 के बाद से साल 2022 तक भारत को विश्व के सशक्त देशों की सूची में लाने और पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन करने में देश की मातृत्व शक्ति की भूमिका हमेशा ही सशक्त रही है। गणतंत्र दिवस के मौके पर महिला सशक्तिकरण का झंडा लहराने वाली कुछ प्रसिद्ध महिलाओं के बारे में यहां बताया जा रहा है। दुनियाभर के सामने इन महिलाओं के जज्बे, मेहनत और लगन के कारण ही भारत के हर नागरिक का सिर फक्र से उठता है।

चलिए जानते हैं कुछ भारतीय नारियों की सफलता की कहानी:-

**अरूणिमा सिन्हा:-**

माउंट एवरेस्ट पर कई लोगों ने फतह की होगी लेकिन साल 2013 में भारत की पहली दिव्यांग महिला अरूणिमा सिन्हा ने माउंट एवरेस्ट पर पहुंच कर दुनियाभर में भारतीय महिलाओं की बल का परिचय दिया। साल 2011 में अरूणिमा सिन्हा को बदमाशों ने चलती ट्रेन से बाहर फेंक दिया। इस घटना में अरूणिमा बाएं पैर से अपंग हो गईं। लेकिन अरुणिमा ने हार नहीं मानी और अपनी मेहनत व लगन से दो साल बाद एवरेस्ट पर फतह कर ली। अरूणिमा के नाम कई और उपलब्धियां भी हैं। अरूणिमा अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट विंसन पर भारत का तिरंगा फहराकर दुनिया की पहली दिव्यांग महिला बन गईं। अरूणिमा वॉलीबॉल की राष्ट्रीय खिलाड़ी रह चुकी हैं। उन्हें पद्मश्री पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

**कल्पना चावला:-**

भारत तकनीकी की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। भारत के साथ ही देश की महिलाओं की भागीदारी भी तकनीकी और विज्ञान की तरफ उतनी ही बढ़ रही है। कल्पना चावला इस दिशा में पहला कदम रखने वाली महिला हैं। अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की पहली महिला कल्पना चावला हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे देश को मान है।

**अवनी चतुर्वेदी:-**

मध्य प्रदेश के रीवा में जन्मी अवनी चतुर्वेदी भारत की पहली महिला फाइटर पायलट हैं। अवनी के साथ ही मोहना सिंह और भावना कांत को भी भारतीय वायुसेना में लड़ाकू स्क्वाड्रन चुना गया था। इन तीन महिलाओं के चयन से पहले भारतीय वायुसेना में महिलाओं को फाइटर प्लेन उड़ाने की अनुमति नहीं थी। साल 2018 अकेले एमआईजी-21 लड़ाकू विमान उड़ाने के बाद अवनी पहली भारतीय महिला पालट बन गई। इस समय भारत के बेड़े में सबसे दमदार लड़ाकू विमान राफेल शामिल हो गया है। जिसे उड़ाने के लिए पहली महिला पायलट के तौर पर शिवांगी सिंह का चयन हुआ है। शिवांगी सिंह नौसेना की पहली महिला पायलट हैं।

**गीता गोपीनाथ:-**

साल 2018 में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष आईएमएफ में पहली भारतीय मुख्य अर्थशास्त्री की नियुक्त हुई। जिनका नाम है गीता गोपीनाथन। गीता गोपीनाथ ने हार्वर्ड से अर्थशास्त्र की पढ़ाई पूरी की है। गीता गोपीनाथ के नाम एक बड़ी उपलब्धि और है। वह मशहूर अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन के बाद




हार्वर्ड के अर्थशास्त्र विभाग में स्थायी सदस्यता हासिल करने वाली दूसरी भारतीय हैं। असके अलावा गीता गोपीनाथ ने 2011 के वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम की ओर से यंग ग्लोबल लीडर का खिताब भी हासिल किया है। 2014 में आईएमएफ द्वारा जारी की गई दुनिया के 25 शीर्ष के अर्थशास्त्रियों की लिस्ट में गीता गोपीनाथ का भी नाम शामिल था।

- मंजू सर्राफ



# Micro
## Sanitizing Products

FIGHT AGAINST BACTERIA & VIRUSES

Automatic Contactless Hand Sanitizer



Dinesh Sharma
Managing Director

AUTO CUT MIST OPERATIO
AIR VENT FACILITY
LIGHT WEIGHT/ABS BODY
OPERATING VOLTAGE 12 V DC
WALL/STAND MOUNTED



Available in 5 / 10 Litre Capacity

Kills all bacteria and Germs on your hand



## UVC Santising Tunnel System



### Key Features :

True 360° UV Light Coverage
Internal Aluminium Surface for maximum UV reflection
Fast and Cost effective means of disinfection
Minimal Training
Does not need any additives for disinfection
Can work on Single phase

## Contact Less Hand Washing System



### Key Features :

Stainless Steel Body
Single user (LxWxH) (600x600x1350) 1 mm
Auto Soap Dispenser
Environment Protection - Convenient Operating
Easy to use - 2 in 1 Auto & Manual
Hand free and Foot Operated
Operated with 220 Volt
Easy to connect with water supply
Multi used : Household / Office / Industrial

Manufactured By :

Micro Tools (India) Pvt. Ltd.
IATF 16949:2016 Certified Company
9311384567 email : sales@microgroup.co
www.microgroup.co

# देशभक्ति के खून की वो धारा याद कर लें!

****************

आज शहीदों ने है तुमको, अहले वतन ललकारा,
तोड़ो गुलामी की जंजीरें, बरसाओ अंगारा।
हिन्दू-मुस्लिम-सिख हमारा, भाई-भाई प्यारा,
यह है आजादी का झंडा, इसे सलाम हमारा।।

****************

दाग गुलामी का धोया है जान लुटा कर,
दीप जलाये है कितने दीप भुझा कर।
मिली है जब यह आजादी तो फिर इस आजादी को,
रखना होगा हर दुश्मन से आज बचाकर।।

****************

तैरना है तो समंदर में तैरो,
नदी नालों में क्या रखा है।
प्यार करना है तो वतन से करो,
इन बेवफा लोगों में क्या रखा है।।

****************



चलो फिर से खुद को जगाते हैं,
अनुसासन का डंडा फिर घुमाते हैं।
सुनहरा रंग है गणतंत्र का शहीदों के लहू से,
ऐसे शहीदों को हम सब सर झुकाते है।।

****************

चलो फिर से आज वो नजारा याद कर लें,
चलो फिर से आज वो नजारा याद कर लें।
शहीदों के दिलो में थी जो वो ज्वाला याद कर लें,
जिसमें बहकर आजादी पहुची थी किनारे पे।
जिसमे बहकर आजादी पहुंची थी किनारे पे,
देशभक्ति के खून की वो धारा याद कर लें।।

****************

भारत के गणतंत्र का, सारे जग में है मान,
दशकों से खिल रही, उसकी अद्भुत शान।
सब धर्मो को देकर मान, रचा गया इतिहास का,
इसलिए हर देशवासी को इसमें है विश्वास।।

****************

अर्श मेडिकेयर सेंटर
30 BEDDED MULTISPECIALITY HOSPITAL
Near Canara Bank, Kheri Road, Sector-87, Faridabad
Mob.: 9540050500, 9999444283

रॉयल्टी कार्ड बनवायें
मात्र 1000/- में
सुविधायें
• फिजिशियन परामर्श
1 साल तक मुफ्त (Unlimited)
• फ्री ECG
• फ्री CBC
• फ्री Sugar Test
• फ्री Ultrasound
One Time Only




Dr. Lokesh Kumar Garg (Chairman)
Sr. Consultant Physician & Chest Specialist
MBBS, DTCD, PGDS, MD (AM)

NOW OPEN
Surgery Packages
Lap Cholecystectomy
Package -20,000/-
LSCS
Package 20,000/-
Appendicectomy -
Package 20,000/-
Hysterectomy
Package 20,000/-




विशेषताएं
नार्मल एवं LSCS डिलीवरी | दूरबीन द्वारा पित्त की थैली का ऑप्रेशन
हर्निया एवं एपेन्डिक्स का ऑप्रेशन | पाइल्स/बवासीर का ऑप्रेशन | पथरी का ऑप्रेशन
हड्डियों का ऑप्रेशन | डायलिसिस की सुविधा | 2D ECHO, TMT Test Facility


HAPPY
REPUBLIC
DAY
SAMAR GRAND
LEVEL UP YOUR CELEBRATIONS
SAMAR GRAND
SAMAR GRAND
Celebrate your big days at Samar Grand so that
you can remember those moments tomorrow.
25,000
Sq. Ft.
LUXURY
BANQUETS
Plot No. 2, TCC Complex, Sector-10-11 Dividing Road, Faridabad
M.: +91-9811507475, 9999700347, 9999800347

# जब अंग्रेजों से जुड़ी हर निशानी पर फहरा दिया गया झंडा!



गणतंत्र दिवस की खुशियों का गवाह पुराना लखनऊ आजादी के बाद से अलग रंग और जोश में था। सुबह होने से पहले ही प्रभात फेरियों से गूंजते पुराने लखनऊ ने पूरे देश को पूर्ण आजादी के जज्बे का संदेश दिया। अंग्रेजों की निशानी हुसैनाबाद घंटाघर के ऊपर और रूमी गेट पर तिरंगे के नीचे हजारों लोग खुली हवा में सांस ले रहे थे। पहली 26 जनवरी, 1950 लखनऊ की यादगार सुबह थी।

इतिहासकार रोशन तकी बताते हैं कि अंग्रेजों की गुलामी से पूरी तरह आजाद होने का जश्न उससे दो महीने पूर्व 26 नवंबर, 1949 को पारित संविधान के साथ ही शुरू हो गया था। 26 जनवरी, 1950 को चौक, नक्खास और अमीनाबाद में रतजगा के साथ प्रभात फेरियों का दौर था।

**दूर हुआ 1947 के बंटवारे का दर्दः-**

इतिहासकारों की मानें तो 15 अगस्त, 1947 में आजादी के दौरान बंटवारे का दर्द पूरे देश को समेटे था लेकिन लखनऊ एक ऐसा शहर था जहां से कोई जाना नहीं चाहता था फिर भी जश्न में एक खामोशी थी। मगर



## ऐसी थी पहली 26 जनवरी की यादगार सुबह

26 जनवरी, 1950 के दिन इस दर्द को मिटाकर जो जोश दिखा उसे लखनऊ भुला नहीं सकता। यहां आने वालों को गले लगाने के साथ उन्हें आश्रय देने का काम भी हुआ।


**हुसैनाबाद घंटाघर पर चढ़कर फहराया था तिरंगाः-**

इतिहासकार बताते हैं कि शीश महल के आस-पास तिरंगा ही तिरंगा दिख रहा था। लोग हुसैनाबाद स्थित घंटाघर पर चढ़ गए और तिरंगा फहरा कर अंग्रेजों की गुलामी से निकलने का संदेश दिया।

**मस्जिदों से दी गई थी आजादी की मुबारकबादः-**

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर मस्जिदों में अजान से पूर्व आजादी की मुबारकबाद गूंजने के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी गई थी। बकौल मौलाना सैफ अब्बास नकवी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या से ही शहर में जश्न जारी था।

- ऋचा आहूजा





Mr. Vibhu Ranjan

RS
RIDHI SIDHI
PROMART
निवेश आपका साथ हमारा

*Wishes you all*
*Happy Republic Day*

bptp SPECIALIST

All Type Of Property
Solution In One Place



**For More Inquiries Please Contact Us :**

**1800-547-09000**

**CI-8/06a, G.F**
**Sector 81, Faridabad**

# साहस और सच्चाई का प्रतीक है तिरंगा!

भारतीय तिरंगे का मौजूदा डिजाइन 22 जुलाई,1947 को भारतीय संविधान सभा ने स्वीकृत किया था। तब से लेकर 26 जनवरी, 1950 तक यह डोमिनियन ऑफ इंडिया और गणतंत्र बनने के बाद से भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में पहचाना जाता है। स्वतंत्र भारत में तिरंगा सबसे पहले 15 अगस्त, 1947 को फहराया गया था। इससे पहले 23 जून, 1947 को भारतीय ध्वज पर निर्णय लेने के लिए फ्लैग कमिटी बनाई गई। 14 जुलाई को कमिटी ने सुझाव दिया कि इंडियन नैशनल कांग्रेस के ध्वज को कुछ बदलाव के बाद भारतीय ध्वज को भारतीय ध्वज के रूप में अपनाया जा सकता हैं।



1950 में भारतीय गणतंत्र की स्थापना के बाद ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स ने 1951 में तिरंगे के कुछ मानक तय किए जिन्हें 1964 और 1968 में रिवाइज किया गया। इन मानकों में तिरंगे के निर्माण से जुड़े सभी निर्देश दिए गए हैं। इन मानकों का उल्लंघन करना कानून अपराध है, जिस पर जुर्माना, जेल या दोनों की सजा हो पर जुर्माना, जेल या दोनों



की सजा हो सकती हे। तिरंगा तैयार करने के बाद इसे बीआईएस प्रयोगशाला में टेस्ट कराना जरूरी होता है।

तिरंगे के डिजाइन की बात करें, तो यह तीन रंगों केसरिया, सफेद और हरे रंग से मिलकर बना है। सफेद रंग पर 24 तीलियों वाला अशोक चक्र 200वीं सदी में बौद्ध प्रतीक रहा है, जिसे सारनाथ के अशोक स्तंभ से लिया गया है। तिरंगे के कपड़े की चौड़ाई और लंबाई में 2:3 का अनुपात रखा जाता है। केसरिया साहस ओर त्याग, सफेद सच्चाई और पवित्रता तथा हरा रंग विश्वास और उत्पादकता का प्रतीक है। तिरंगे के रंग मुलतः इंडियन नैशनल कांग्रेस के झंडे से लिए गए हैं। इसका डिजाइन आंध्र प्रदेश के पिंगली वेंकैया ने तैयार किया था। तिरंगे को सिर्फ खादी के कपड़े पर ही बनाया जाता है। भारत में सबसे बड़ा तिरंगा (6.3 3 4.2 मीटर) महाराष्ट्र सरकार ने राज्य मुख्यालय पर फहराया है। एक अनुमान के मुताबिक, भारत में हर साल करीब चार करोड़ राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री होती है।

आम लोगों को तिरंगा फहराने की आजादी साल 53वें गणतंत्र दिवस पर मिली। साल 2002 के मध्य प्रदेश के इंडस्ट्रिलिस्ट नवीन जिंदल ने दिल्ली हाईकोर्ट में उससे जुड़ी शचिका दायर की। केस सुप्रीम कोर्ट में गया और वहां से केंद्र सरकार को एक सीमित बनाकर मामला देखने को कहा गया। इसके बाद 15 जनवरी 2002 को तिरंगा फहराने पर लगी उस रोक को हटा लिया गया, जिसके अनुसार आम जनता को सिर्फ राष्ट्रीय पर्वों पर ही तिरंगा फहराने की छूट थी।

– डॉ. पारूल शर्मा



# Santosh
## Multispeciality Hospital

SANTOSH CARING HEALTH

NABH ACCREDITED — PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE

**(A Unit Of 50 Bedded Hospital)**
Center of Excellence for Critical Care/Advanced Laproscopic Surgeries/ High Risk Obstetric



### Dr. Sandeep Malhotra
M.B.B.S., D.T.C.D., M.N.C.C.P
MISCCM, ACLS (Trained)
Consultant Pulmonologist & Physician
Senior V. Consultant (Metro Hospital, Sec.16)
Haryana Medical Council - Reg. No.: 005337






### Dr. Piyush Malhotra
M.B.B.S., M.S. (OBS & GYNAE)
DIP, USG (Trained)
INFERTILITY TRAINED (Sir Ganga Ram Hospital)
Ex. Senior Consultant E.S.I. Hospital, NH-3
Haryana Medical Council - Reg. No.: 005329

## सुविधाएं


## Happy Republic Day

- Gynae SPL. & Emergency सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
- ICU/ Ventilator/ Dialysis/ Modular OT की सुविधा
- अल्ट्रासाउण्ड/ ईको व हार्ट की सुविधा
- आयुष्मान भारत के अंतर्गत सभी गरीब मरीजों के लिए आईसीयू की सुविधा
- आयुष्मान भारत के मरीजों के लिए डायलिसिस और किडनी के सभी तरह के ऑपरेशनों की सुविधा
- सभी मेडीक्लेम CGHS/ECHS हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त व अन्य मेडिक्लेम/इंश्योरेंस की सुविधा उपलब्ध




**3F/139, NIT FARIDABAD (Near Police Post-3 & Electricity)**
**Ph.: +91-129-4100139, +91-129-4360139**

# मातृभूमि की शान है गणतंत्र दिवस की परेड!






26 जनवरी को हर वर्ष गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। सन् 1950 को 26 जनवरी के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था जिसके द्वारा भारतीय नागरिकों को अपनी सरकार चुनने का अधिकार मिला था। जो सरकार लोगों की होगी, लोगों द्वारा चुनी हुई होगी व लोगों के लिए काम करेगी।

गणतंत्र दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन जनपथ मार्ग पर परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। परेड हमारी सैन्य शक्ति को दर्शाती है व सांस्कृतिक कार्यक्रम को दर्शाते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम अनेकता में एकता का प्रतीक है। परेड की सलामी भारत के राष्ट्रपति द्वारा ली जाती है क्योंकि वे सेनाओं के सर्वोच्चा कमांडर है। राष्ट्रपति द्वारा ध्वजारोहण के बाद भारतीय शुरवीरों को उनकी बहादुरी के अनुसार परमवीर चक्र, वीर चक्र अशोक चक्र व कीर्ति चक्र से सम्मानित किया जाता है। बहादुर बच्चों को भी उनकी बहादुरी के लिए सम्मानित किया जाता है।

अतः गणतंत्र दिवस की परेड एक परेड मात्र ही नही है बल्कि हमारी मातृभूमि की शान है।

- धर्मबीर सिंह, सेवानिवृत एयरफोर्स अधिकारी




26th
JANUARY
Mr. Maninder Singh
Singh Liquor
&
Singh Hospitality
Faridabad & Goa
REPUBLIC DAY OF INDIA

# जागो और जगाओ रे!

जगने का माहौल बना तुम, जागो और जगाओ रे।
दुश्मन के शीशों की मां को, अब तो भेंट चढ़ाओ रे।।

मांद शेर की में आ कर के, गीदड आज दहाड़ गया है।
रजकण आज अदम्भी देखो, हिमगिरि पर हुंकार गया है।
एक जरा सा पौधा ज्यों, बरगद के छूकर तार गया है।
गंदे नाले का पानी कर, सागर पर प्रहार गया है।
निज शक्ति को जान साथियों, रण का बिगुल बजाओ रे।।

राम कृष्ण के वंशज हो तुम, अर्जुन के हो बाण तुम्हीं।
गोविन्द गुरू की तलवारें हो, बैरागी की शान तुम्हीं।
विष्णुगुप्त की बुद्धि हो तुम, दयानन्द का ज्ञान तुम्हीं।
शेखर के हो अदम्य शोर्य, बिस्मिल की कविता तान तुम्हीं।
कूद पड़ो अब युद्धभूमि में, राग प्रलय का गाओ रे।।



लातों का है भूत पड़ोसी,
बातों से ना मानेगा।
झूठी शेखी में आकर के,
सीना ऊंचा तानेगा।
दुर्योधन सा दम्भ भरा है,
मिटे कुटुम्ब जब जानेगा।
समूल नष्ट होने पर भी,
नहीं सत्य पहचानेगा।
गर्दन काट आज इस रिपु का नींबू नमक लगाओ रे।।

अब की बार चूक ना जाना, चूक गये तो रोओगे।
पृथ्वीराज की तरह साथियों, नयनों को अपने खोओगे।
लड़ो लड़ाई अब तो वीरों ना औरों की आश करो।
घड़ा पाप का भरा हुआ है, और नहीं बर्दाश्त करो।
सत्य करे आह्वान दुष्ट का, भू से नाम मिटाओ रे।।

– सत्यप्रकाश भारद्वाज

Supreme
ISO 9001:2015 Registered
Virender Mehta, Director
+91-9810710101
Supreme Hydraulics Pvt. Ltd.
Trident Packagings Pvt. Ltd.


wishes you a very
Happy Republic Day
Regd. Off.: Plot no. 135, Sector 59, HUDA Faridabad
Email : supreme.trident@gmail.com
Web : www.supremetrident.in


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक यादव
प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य,
किसान मोर्चा, हरियाणा
Spokesperson - Private School Associations, Haryana
President Elect - Rotary Club of Faridabad Industrial Town
VIDYASAGAR
INTERNATIONAL SCHOOL
Affiliated to CBSE upto 10+2 (All Stream)
Dharampal Yadav
Chairman
Deepak Yadav
Director
ADMISSION OPEN
For Session 2022-23
For Nursery to IX & XI (All Streams)
ADMISSION FREE FOR GIRLS
LEARNING PARTNER:
BYJU'S
The Learning TV
FIT INDIA SCHOOL
CERTIFIED SCHOOL
BY GOVERNMENT OF INDIA
Gharora (Manjhawali Road), Tigaon, GF
9811674008, 7011702170
Sector-2, Ballabgarh, Faridabad
9811675008, 7011737963
Like us on :

# ठंड से ठिठुरता बेबस गणतंत्र........!

गणतंत्र ठंड से ठिठुरता पार्क की एक बैंच पर बैठा सुबक रहा था। मुझे पता चला कि गणतंत्र पार्क में बैठा रो रहा है, तो मैं भगाकर पहुंचा उसके पास और संभलकर बोला, क्यां बात है? इस सर्दी में चलो उठो, मेरे घर चलो। रजाई में दुबककर बात करेंगे। तुम्हारी तबियत ठीक नहीं है। उठो, घर चलकर चाय सुड़केंगे। मुझे पता है तुम देश की हालात से दु:खी हो। इतना बड़ा देश है, जाने दो, जो हुआ सो हुआ।




वह बोला,


मनमानी का राज और लोकतंत्र का ढोंग, मैं तंग आ गया हूं। मैने सबको स्वतंत्रता दी थी और अधिकार दिए थे। जरा से कर्तव्य क्या दे दिए कि उनका बोझ बर्दाश्त नही हुआ। मेरी गरिमा पर कालिख पोतने वालों के पास जाकर तो पूछो, आखिर मेरा दोष क्या था?

मैंने अपनी शॉल गणतंत्र को ओढ़ाई और बोला, 'चलो उठो, घर चलो। मुझे भी तुमसे कुछ बात करनी है। रोने से रास्ता नहीं निकलेगा मेरे भाई। उसने मुझे देखा और बिगड़कर बोला, 'मुझे सोने को कहते हो। लोकतंत्र में जो ईमानदारी थी, उसका क्यों गला घोटा जा रहा है। ऐसे में मैं कब तक जिंदा रह पाऊंगा। क्या यह मेरी हत्या करने जैसा नहीं है।' यह कहकर वह जोर से रोने लगा। मुझे कहना ही पड़ा, 'कैसी बाते करते हो? तुम इतने कमजोर कब से हो गए। तुम इतने कमजोर कब से हो गए। उन चंद लोगों के कारण कर सकते तुम।' तो क्या करू? वह बेबस स्वर में बोला। मैंने कहा, 'घबराओ नहीं सब ठीक हो जाएगा, तुम जिन्दा रहे, तो तुम्हारा गण ही उनके परखच्चे उड़ा देगा।

समय का फेर देखना। इतना निराश क्यों होते हो तुम! वे औंधे मुंह गिरेंगे कल। मैं हूं न तुम्हारे साथ, मैं तुम्हारा गण, जिसकी आधार अपार शक्ति के सामने अच्छे-अच्छे चालबाजों ने घुटने टेके हैं।'

**नहीं सिर्फ जश्न मनाना, नहीं सिर्फ झंडे लहराना,**
**ये काफी नहीं है वतन पर, यादों को नहीं भुलाना,**
**जो कुर्बान हुए उनके लफ्जों को आगे बढ़ाना,**
**खुदा के लिए नही जिन्दगी वतन के लिए लुटाना,**
**हम लाएं है तूफान से कश्ती निकाल के,**
**इस देश को रखना मेरे बच्चों संभाल के......**




RISEMAX
College of Education
Run By :
Rawal Educational Society
HAPPY
Republic Day

# ... जब गणतंत्र दिवस की जगह मनाया जाता रहा स्वतंत्रता दिवस!

**15** जानें क्यों पूरे 18 सालों तक 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की जगह मनाया गया स्वतंत्रता दिवस ?



26 जनवरी, 1929 को लाहौर अधिवेशन में जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों ने यह शपथ ली। कांग्रेस से जुड़े इन नेताओं ने पूर्ण स्वराज का प्रण लेकर ब्रिटिश राज को एक साल में सत्ता छोड़ने की चेतावनी दी थी। इसी तारीख से ठीक 21 साल बाद 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू हुआ और हमारा देश एक लोकतांत्रिक गणराज्य बन गया। इसी के साथ सभी देशवासियों को पूर्ण स्वतंत्रता व सम्मान से जीने के आधारभूत अधिकार मिल गए।

कांग्रेस ने रखा था पूर्ण स्वराज्य का प्रस्ताव:-

26 जनवरी, 1929 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन तत्कालीन पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में हुआ। जहां कांग्रेस के पूर्ण स्वराज का घोषणा-पत्र तैयार किया। नेहरू की अध्यक्षता वाले अधिवेशन के इस प्रस्ताव पूर्ण स्वराज को कांग्रेस का मुख्य लक्ष्य घोषित किया। प्रस्ताव में कहा गया था कि यदि अंग्रेजी हुकूमत 26 जनवरी, 1930 तक भारत को उसका प्रभुत्व डोमिनियन का







पद नहीं देती है तो भारत खुद को स्वतंत्र घोषित कर देगा। कांग्रेस ने 26 जनवरी की तारीख को पूर्ण स्वराज दिवस स्वतंत्रता दिवस घोषित किया था। जब अंग्रेजी हुकूमत ने पूर्ण स्वराज के प्रस्ताव पर कुछ नहीं किया तब कांग्रेस ने भारत की पूर्ण स्वतंत्रता के लिए सक्रिय आंदोलन शुरू किया।

26 जनवरी को मनाया जाता था स्वतंत्रता दिवस:-

26 जनवरी, 1930 को पहली बार देश में पूर्ण स्वराज दिवस अथवा स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। अगले लगभग 18 वर्षों तक इसी दिन स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता रहा। फिर देश को आजादी मिलने के बाद 15 अगस्त, 1947 को अधिकारिक रूप से स्वतंत्रता दिवस घोषित किया गया। 26 जनवरी, 1930 को पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव लागू होने की तिथि को महत्व देने के लिए ही 26 जनवरी,1950 को संविधान लागू किया गया था। इसके बाद 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस घोषित किया गया।

– नैन्सी बब्बर




पंकज गर्ग
समाजसेवी, फरीदाबाद
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
Ready Mix Concrete
✓ Small, Large & Volumetric Trucks
✓ Competitive Rates ✓ Pumps Supplied
✓ All Strengths & Mixes
✓ Quick & Reliable Services
MADE IN INDIA
DISCOVER the concrete DIFFERENCE
GARG RMC
GARG
GARG REDIMIX PVT. LTD.
Plant I :
Village Sikri, Sikri Shahpur Road, Faridabad
Ph: +91 129 2205015, Mob.No. : +91 9310167822
+91 9310167823, +91 9310167824
Plant II :
Damdama Road, Bhondsi Opp. JK Business
School, Gurugram | M.No : +91 9650005691

# 26 जनवरी को ही क्यों मनाया जाता है गणतंत्र दिवस?

हर वर्ष 26 जनवरी का दिन भारत में गणतंत्र दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस बार देश अपना 73वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। दरअसल 26 जनवरी, 1950 को भारतीय संविधान लागू किया गया था। भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया गया। इस वजह से हर साल 26 जनवरी का दिन राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के तौर पर मनाया जाता है। 26 नवंबर, 1949 को देश की संविधान सभा ने वर्तमान संविधान को विधिवत रूप से अपनाया था, इसलिए इस दिन को देश में संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है।



1. पहली बार गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 1950 को मनाया गया था। इसी दिन भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 21 तोपों की सलामी के साथ तिरंगा फहराया था।

2. आजादी से पहले 26 जनवरी को ही स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता था। करीब 18 वर्ष तक 26 जनवरी को पूर्ण स्वराज दिवस (स्वतंत्रता दिवस) मनाया जाता रहा।

3. आजादी के आंदोलन से लेकर देश में संविधान लागू होने तक, 26 जनवरी की तारीख का अपना महत्व रहा है। 31 दिसंबर, 1929 को कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में प्रस्ताव पारित कर भारत के लिए पूर्ण स्वराज की मांग की गई थी। कहा गया कि अगर ब्रिटिश सरकार ने 26 जनवरी, 1930 तक भारत को उपनिवेश का दर्जा (डोमीनियन स्टेटस) नहीं दिया, तो भारत को पूर्ण स्वतंत्र घोषित कर दिया जाएगा। 26 जनवरी, 1930 को पहली बार स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इसी दिन जवाहर लाल नेहरू ने तिरंगा फेहराया था। फिर देश को आजादी मिलने के बाद 15 अगस्त 1947 को अधिकारिक रूप से स्वतंत्रता दिवस घोषित किया गया। इस तरह आजादी मिलने से पहले ही 26 जनवरी, अनौपचारिक रूप से देश का स्वतंत्रता दिवस बन गया था।

4. 26 जनवरी, 1930 को पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव लागू होने की तिथि को महत्व देने के लिए ही 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू किया गया था। इसके बाद 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस घोषित किया गया।

5. साल 1950 में देश के पहले भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने 26 जनवरी के दिन भारत को एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया। इस दिन डॉ. राजेंद्र प्रसाद को भारतीय गणतंत्र के पहले राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई गई। उन्हें तोपों की सलामी दी गई। तब से तोपों की सलामी की यह परंपरा बनी हुई है।

6. स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के मौके पर कार्यक्रम जहां लाल किले पर होता है और प्रधानमंत्री ध्वजारोहण करते हैं जबकि गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम राजपथ पर होता है और राष्ट्रपति झंडा फहराते हैं। राष्ट्रपति देश के संवैधानिक प्रमुख होते हैं।

7. दिल्ली में 26 जनवरी, 1950 को पहली गणतंत्र दिवस परेड, राजपथ पर न होकर इर्विन स्टेडियम (आज का नेशनल स्टेडियम) में हुई थी।

8. साल 1950-1954 के बीच दिल्ली में गणतंत्र दिवस का समारोह, कभी इर्विन स्टेडियम, किंग्सवे कैंप, लाल किला तो कभी रामलीला मैदान में आयोजित हुआ।

